(ग) मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कितने-कितने मूल्य की कौन-कौन सी सामग्रियां खरीदी गयी हैं और किन-किन संस्थाओं को ये सामग्रियां वितरित की गई हैं ;

(घ) क्या यह सच है कि "आपरेशन ब्लेक बोर्ड" योजना के प्रचालन हेतु खरीदी गयी उक्त सामग्रियां अभी भी अप्रयुक्त पड़ी हैं ; यदि हां, तो ये सामग्रियां क्या-क्या हैं और इनके मूल्यों का ब्यौरा क्या है, ये सामग्रियां कहां रखी हुई हैं और इन सामग्रियों में से कितनी क्षतिग्रस्त हो गयी हैं तथा उनके मूल्यों का ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि जबलपुर जिले के एक अधिकारी ने इन सामग्रियों की जांच हेतु छापा मारा था, यदि हां, तो क्या इस छापे में कोई अनियमितताएं पायी गई थीं ; और

(च) यदि हां, तो इन अनियमिताओं के लिए जिम्मेवार लोगों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

पिछड़े जिलों में शैक्षिक उत्थान

2923. **मौलाना अबेदुल्ला खान आजमी** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय कौन-कौन से जिले शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए हैं ;

(ख) इन जिलों में शैक्षिक उत्थान हेतु क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) उनका क्या परिणाम निकला है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार, देश में 250 जिले ऐसे हैं, जहां साक्षरता राष्ट्रीय औसत 52.21 प्रतिशत से कम है। जिलावार साक्षरता दरें वर्ष 1992–93 की इस मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई हैं ।

(ख) और (ग) शैक्षिक विकास के प्रोन्नयन के लिए आपरेशन ब्लैक बोर्ड, शिक्षक शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा तथा प्रौढ़ शिक्षा जैसे अनेक केन्द्रीय तथा राज्य कार्यक्रम कार्यान्वित किये जा रहे हैं। केन्द्रीय योजनाओं तथा कार्यान्वयन की प्रगति का विस्तृत विवरण इस मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में दिया हुआ है ।

Bringing Government School at par with Public Schools

2924. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of HUMAN RESOURCED DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what steps Government propose to take to bring the educational standards of the Government]aided schools at par with the Publil Schools in the country;

(b) the details thereof;

(c) whether Government propose to give incentives to the teachers of Governmentlaided schools who will be responsible for good results by their students and

(b) if so, the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER TN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) KUMAR SELJA): (a) and (b) Maintenance of a broad commonality of standards in all the schools of the country has been sought to be achieved by the following ways:—

(i) Making available to all the schools, a broadly uniform pattern of syllabli[texbooks.